This booklet contains **48** Printed pages.
इस पुस्तिका में **48** मुद्रित पृष्ठ हैं।

Main Test Booklet No. / मुख्य परीक्षा पुस्तिका संख्या

# FSC-26-I

## PAPER-I / प्रश्न-पत्र-I

## MAIN TEST BOOKLET/मुख्य परीक्षा पुस्तिका

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

| Main Test Booklet Code<br>मुख्य परीक्षा पुस्तिका कोड | **E** |
|---|---|

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page/ marking responses in the OMR Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **E**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the OMR Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and OMR Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the OMR Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carries 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part-I | : Child Development and Pedagogy | (Q.Nos. 1-30) |
| Part-II | : Mathematics | (Q.Nos. 31-60) |
| Part-III | : Environmental Studies | (Q.Nos. 61-90) |
| Part-IV | : Language-I (English/Hindi) | (Q.Nos. 91-120) |
| Part-V | : Language-II (English/Hindi) | (Q.Nos. 121-150) |

6. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement (Language) Test Booklet of E Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Language-II (Part-V) in a language other than the one chosen as Language-I (Part-IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
10. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/ answers, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** हैं एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं। कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं ओएमआर उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
4. इस पुस्तिका का **कोड E** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का कोड, ओएमआर उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे कोड से मिलता है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और ओएमआर उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं। अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और ओएमआर उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग-I | : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | (प्रश्न सं. 1-30) |
| भाग-II | : गणित | (प्रश्न सं. 31-60) |
| भाग-III | : पर्यावरण अध्ययन | (प्रश्न सं. 61-90) |
| भाग-IV | : भाषा-I (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | (प्रश्न सं. 91-120) |
| भाग-V | : भाषा-II (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | (प्रश्न सं. 121-150) |

6. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं। इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं। **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं तो कृपया E कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट (भाषा) परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए। जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए। भाषाओं का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है।**
7. **परीक्षार्थी भाषा-II (भाग-V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा-I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई ख़ाली जगह पर ही करें।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है।
10. यदि अंग्रेज़ी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो तो अंग्रेज़ी संस्करण अंतिम माना जायेगा।

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ____________________
: in words (शब्दों में) ____________________

Centre of Examination (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ____________________ Invigilator's Signature : ____________________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent : ____________________

## PART - I / भाग - I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Direction :** Answer the following questions (Q. Nos **1** to **30**) by selecting the **correct/most appropriate** options.*

***निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या **1** से **30**) के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।*

**1.** Misconceptions among students should be __________ and intuitive guesses should be __________ among students in primary grades.

(1) dismissed; discouraged (2) acknowledged; discouraged
(3) ignored; encouraged (4) acknowledged; encouraged

प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों की भ्रांतियों __________ और सहज अनुमान को __________ करना चाहिए।

(1) को बर्खास्त करना चाहिए; हतोत्साहित (2) पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए; हतोत्साहित
(3) की अवहेलना होनी चाहिए; प्रोत्साहित (4) पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए; प्रोत्साहित

**2.** The ability of hand-eye coordination, balance and manual dexterity is affected in :

(1) Dysphasia (2) Dyspraxia (3) Dyslexia (4) Dyscalculia

निम्नलिखित में से किसमें व्यक्ति के हाथ और आँख के तालमेल, संतुलन और शारीरिक निपुणता की क्षमता प्रभावित होती है?

(1) भाषा वैकल्य (2) गतिसमानवय वैकल्य (3) पठन वैकल्य (4) गुणज्य वैकल्य

**3.** Development of children :

(1) unfolds in a random manner which does not have any pattern.
(2) is multidimensional and multidirectional.
(3) is synonymous with growth.
(4) is a simple and unitary process.

बच्चों के विकास के बारे में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है?

(1) विकास बिना किसी पैटर्न के अनियमित तौर पर प्रकट होता है।
(2) विकास बहुआयामी और बहुदिशात्मक होता है।
(3) विकास वृद्धि का पर्याय है।
(4) विकास एक सरल और एकात्मक प्रक्रिया है।

**4.** Principle of cephalocaudal development talks about __________ of development.

(1) multiple dimensions (2) orderly sequence
(3) discontinuous nature (4) linear nature

विकास का शीर्षगामी सिद्धांत विकास के __________ के बारे में बात करता है।

(1) एकाधिक आयाम (2) व्यवस्थित क्रम
(3) असतत स्वरूप (4) रैखिक स्वरूप

**5.** Which of the following is an effective strategy for teaching children with autism ?

(1) Maintaining a predictable routine.
(2) Using strict discipline and punishment.
(3) Providing constant eye contact.
(4) Avoiding use of any audio-visual aids.

स्वलीन क्रम विकार से जूझ रहे बच्चों को पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी एक प्रभावी रणनीति है?

(1) अनुमानित दिनचर्या बनाए रखना।
(2) सख्त अनुशासन और दंड का प्रयोग करना।
(3) निरंतर नेत्र संपर्क बनाए रखना।
(4) किसी भी दृश्य-श्रव्य सामग्री के प्रयोग से बचना।

6. Which of the following are examples of authentic learning tasks for students in primary grades ?
(1) Applying the concept to daily life.
(2) Memorising a set of definitions.
(3) Recalling factual information from textbook.
(4) Copying answers from a friends' notebook.
निम्न में से कौन प्राथमिक कक्षाओं में छात्रों के लिए प्रामाणिक शिक्षण कार्यों के उदाहरण हैं?
(1) अवधारणा को दैनिक जीवन में लागू करना।
(2) परिभाषाओं का एक वर्ग को याद रखना।
(3) पाठ्यपुस्तक से तथ्यात्मक जानकारी को याद करना।
(4) मित्रों की नोटबुक से उत्तर कॉपी करना।

7. Talking aloud to oneself with no intent to communicate with others is __________ in childhood.
(1) Abnormal but not uncommon (2) Normal and common
(3) Uncommon but normal (4) Uncommon and abnormal
दूसरों के साथ संवाद ना करने के इरादे से खुद से जोर से बात करना बचपन में __________ ।
(1) अप्राकृतिक लेकिन असामान्य नहीं है। (2) सामान्य और प्राकृतिक है।
(3) असामान्य लेकिन प्राकृतिक है। (4) असामान्य और अप्राकृतिक है।

8. Which of the following is an example of a question that requires students to generate creative solutions ?
(1) What are the various types of nouns ?
(2) How would you rewrite the given text from the perspective of an object rather than a person ?
(3) What is the definition of a noun ?
(4) How do you identify the subject of a sentence ?
निम्नलिखित में से कौन सा एक ऐसे प्रश्न का उदाहरण है जिसमें छात्रों को रचनात्मक समाधान खोज करने की आवश्यकता होती है?
(1) संज्ञा के विभिन्न प्रकार क्या हैं?
(2) आप किसी व्यक्ति के बजाय किसी वस्तु के परिप्रेक्ष्य से दिए गए पाठ को फिर से कैसे लिखेंगे?
(3) संज्ञा की परिभाषा क्या है?
(4) आप वाक्य में कर्त्ता की पहचान कैसे करते हैं?

9. According to Vygotsky's theory, the zone of proximal development refers to :
(1) The level of skill or knowledge a student is unlikely to ever achieve.
(2) The level of skill or knowledge a student must master to pass a test or receive a grade.
(3) The level of skill or knowledge a student has already mastered.
(4) The level of skill or knowledge a student is capable of mastering with help.
वायगोत्स्की के सिद्धांत के अनुसार, समीपस्थ विकास का क्षेत्र क्या है?
(1) एक छात्र के कौशल या ज्ञान के स्तर जिसे कभी हासिल करने की संभावना नहीं है।
(2) परीक्षा पास करने या ग्रेड प्राप्त करने के लिए एक छात्र के लिए आवश्यक कौशल या ज्ञान का स्तर।
(3) छात्र जिस कौशल या ज्ञान के स्तर में पहले से ही महारत हासिल कर चुका है।
(4) कौशल या ज्ञान का स्तर जो एक छात्र मदद से महारत हासिल करने में सक्षम है।

10. Formative assessment assumes that :
(1) qualitative parameters are biased and subjective.
(2) learners should also be involved in the process of assessment.
(3) competition is essential for learning.
(4) only quantitative parameters give 'correct' feedback.
रचनात्मक मूल्यांकन मानता है कि :
(1) गुणात्मक मापदंड पक्षपाती और व्यक्तिपरक हैं।
(2) मूल्यांकन की प्रक्रिया में शिक्षार्थियों को भी शामिल किया जाना चाहिए।
(3) सीखने के लिए प्रतियोगिता आवश्यक है।
(4) केवल मात्रात्मक मापदंड 'सही' प्रतिपुष्टि देते हैं।

11. **Assertion (A) :** Invented spellings, free explorations of writings provide teachers with opportunities of authentic assessment of learner levels.
**Reason (R) :** Given the vast linguistic diversity in the classroom assessment in language should be dynamic.
Choose the **correct** option :
(1) **(A)** is true but **(R)** is false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are false.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(4) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
**अभिकथन (A) :** गढ़ी वर्तनी, लेखन के मुक्त अन्वेषण शिक्षकों को शिक्षार्थी स्तरों के प्रामाणिक मूल्यांकन के अवसर प्रदान करते हैं।
**कारण (R) :** कक्षा में भाषाई विविधता को देखते हुए भाषा का मूल्यांकन गतिशील होना चाहिए।
**सही** विकल्प चुनें।
(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

12. Which of the following skill is **not** actively practiced in the process of 'reciprocal teaching' ?
(1) Predicting (2) Questioning (3) Clarifying (4) Memorizing
निम्नलिखित में से कौन से कौशल का प्रयोग 'पारस्परिक शिक्षण' की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से **नहीं** किया जाता है ?
(1) पूर्वानुमान लगाना (2) सवाल पूछना (3) स्पष्टीकरण करना (4) रटना

13. Which of the following hinders the process of effective problem solving ?
(1) Brainstorming (2) Analogical thinking
(3) Response set (4) Concept mapping
निम्नलिखित में से कौन प्रभावी समस्या समाधान की प्रक्रिया में बाधा डालता है ?
(1) बुद्धयोत्तेजक (2) सादृश्य सोच
(3) अनुक्रिया समुच्चय (4) अवधारणा मानचित्रण

14. **Assertion (A) :** Learning is always situated in a social context.
**Reason (R) :** What is learned cannot be separated from how it is learned and used.
Choose the **correct** option :
(1) **(A)** is true but **(R)** is false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are false.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(4) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
**अभिकथन (A) :** सीखना हमेशा एक सामाजिक संदर्भ में स्थित होता है।
**कारण (R) :** जो सीखा जाता है उसे सीखने और उपयोग करने के तरीके से अलग नहीं किया जा सकता है।
**सही** विकल्प चुनें।
(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

15. Students with mastery goal orientation set :
(1) low goals to avoid failure.
(2) moderate goals motivated by fear and shame.
(3) realistic learning goals.
(4) high goals to impress others.
महारत लक्ष्य उन्मुखीकरण वाले छात्र -
(1) असफलता से बचने के लिए कम लक्ष्य तय करते हैं।
(2) डर और शर्म से प्रेरित मध्यम लक्ष्य तय करते हैं।
(3) यथार्थवादी सीखने के लक्ष्य तय करते हैं।
(4) दूसरों को प्रभावित करने के लिए उच्च लक्ष्य तय करते हैं।

16. Attention Deficit Hyperactivity Disorder is characterised by :
(1) Restricted and repetitive behavioural patterns.
(2) Delayed motor and language skills.
(3) High levels of depression and mood swings.
(4) Ongoing pattern of impulsivity.
ध्यान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार की विशेषता है :
(1) प्रतिबंधित और दोहरावदार व्यवहार पैटर्न
(2) विलंबित गतिक और भाषा कौशल
(3) उच्च स्तर का अवसाद और मिजाज में उतार-चढ़ाव
(4) आवेग पैटर्न का लगातार सिलसिला

17. In inclusive classrooms the curriculum should be __________ and instruction should be __________.
(1) flexible; uniform (2) standardized; differentiated
(3) flexible; differentiated (4) standardized; uniform
समावेशी कक्षाओं में पाठ्यक्रम __________ होना चाहिए और निर्देश __________।
(1) लचीला; एकसमान (2) मानकीकृत; विभेदित
(3) लचीला; विभेदित (4) मानकीकृत; एकसमान

18. __________ refers to the time of development when an individual is most ready to acquire a new skill or ability and it is difficult to compensate for the loss of this later on in life.

(1) Sensitive Period (2) Zone of Proximal Development

(3) Developmental Milestone (4) Developmental Task

__________ विकास के उस समय को संदर्भित करता है/करते हैं जब कोई व्यक्ति एक नया कौशल या क्षमता प्राप्त करने के लिए सबसे ज्यादा तैयार होता है, और बाद में जीवन में इसके नुकसान की भरपाई करना मुश्किल होता है।

(1) संवेदनशील अवधि (2) समीपस्थ विकास का क्षेत्र

(3) विकासात्मक प्रतिमान (4) विकासात्मक कार्य

19. Which principle of development is illustrated in the following statement ?

During infancy and early childhood, the limbs continue to grow faster than the hands and feet.

(1) Principle of centration (2) Principle of integration

(3) Proximodistal principle (4) Cephalocaudal principle

निम्नलिखित कथन में विकास के किस सिद्धांत को दर्शाया गया है ?

''शैशवावस्था और प्रारंभिक बचपन के दौरान, हाथ और पैरों की तुलना में टाँग और बाँह तेजी से बढ़ते रहते हैं।''

(1) केंद्रीकरण का सिद्धांत (2) एकीकरण का सिद्धांत

(3) समीपदुराभिमुख सिद्धांत (4) शीर्षगामी सिद्धांत

20. Which of the following is an effective way to reduce the influence of gender stereotypes amongst children prevalent in society ?

(1) Exposing children to diverse gender roles and encouraging them to pursue their interests.
(2) Assuming that children will naturally incline towards gender-neutral activities and interests.
(3) Encouraging children to conform to traditional gender roles.
(4) Providing children with materials that are gender-specific.

निम्नलिखित में से समाज में प्रचलित जेंडर रूढ़िवादिता के प्रभाव को बच्चों के बीच कम करने का एक प्रभावी तरीका कौन सा है ?

(1) बच्चों को विविध जेंडर भूमिकाओं से परिचित कराना और उन्हें अपनी रुचियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना।
(2) यह मान लेना कि बच्चे स्वाभाविक रूप से अपने आप जेंडर-तटस्थ गतिविधियों और रुचियों को अपना लेंगे।
(3) बच्चों को पारंपरिक जेंडर भूमिकाओं के अनुरूप प्रोत्साहित करना।
(4) बच्चों को जेंडर-विशिष्ट सामग्री प्रदान करना।

21. Which of the following are important to ensure meaningful learning ?

(i) Provisioning of emotional support.
(ii) An atmosphere of competition and rivalry.
(iii) Opportunities for doing and experimenting.
(iv) Standardised curriculum.

(1) (iii), (iv) (2) (i), (iii) (3) (i), (iii), (iv) (4) (ii), (iii), (iv)

सार्थक अधिगम सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन से महत्वपूर्ण हैं ?

(i) भावनात्मक समर्थन का प्रावधान।
(ii) प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता का माहौल।
(iii) करने और प्रयोग करने के अवसर।
(iv) मानकीकृत पाठ्यक्रम।

(1) (iii), (iv) (2) (i), (iii) (3) (i), (iii), (iv) (4) (ii), (iii), (iv)

22. **Assertion (A) :** Teachers should provide a lot of scaffolding to children in the forms of prompts and cues.

**Reason (R) :** Jean Piaget emphasized that more knowledgeable others play a significant role in advancing children's cognitive skills through social interaction.

Choose the **correct** option :

(1) **(A)** is true but **(R)** is false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are false.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(4) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

**अभिकथन (A) :** शिक्षकों को पाड़ के रूप में बच्चों को ढेर सारे संकेत और आलम्बन उपलब्ध कराने चाहिए।

**कारण (R) :** जीन पियाजे ने इस बात पर जोर दिया कि अधिक जानकार लोग सामाजिक अंत:क्रिया के माध्यम से बच्चों के संज्ञानात्मक कौशल को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

23. **Assertion (A) :** An effective pedagogical strategy is to ask children to make linkages of new information with what they already know.

**Reason (R) :** Identifying commonalities and differences can help children organize information which help them to think as well as remember better.

Choose the **correct** option :

(1) **(A)** is true but **(R)** is false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are false.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(4) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

**अभिकथन (A) :** एक प्रभावी शिक्षाशास्त्रीय रणनीति यह है कि बच्चों को नई जानकारी को, जो वे पहले से जानते हैं के साथ जोड़ने के लिए कहा जाए।

**कारण (R) :** समानताओं और विभिन्नताओं की पहचान करने से बच्चों को जानकारी संगठित करने में मदद मिल सकती है जो उन्हें सोचने के साथ-साथ बेहतर याद रखने में भी मदद करती है।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

24. Extrinsic motivation comes from __________ while intrinsic motivation is based on __________.

(1) avoidance of punishment; rewards such as prizes
(2) approval of others; personal satisfaction
(3) personal satisfaction; approval of others
(4) personal satisfaction; rewards such as prizes

बाहरी प्रेरणा __________ से आती है जबकि आंतरिक प्रेरणा __________ पर आधारित होती है।

(1) सजा से बचाव; पुरस्कार जैसे ईनाम
(2) दूसरों की सराहना; व्यक्तिगत संतुष्टि
(3) व्यक्तिगत संतुष्टि; दूसरों की स्वीकृति
(4) व्यक्तिगत संतुष्टि; पुरस्कार जैसे ईनाम

25. **Assertion (A) :** Creativity needs to be nurtured by presenting practical problems and issues to children for contemplation and reflection.

**Reason (R) :** Creative children have the ability to discover something that is novel and need intellectual stimulation.

Choose the **correct** option :

(1) **(A)** is true but **(R)** is false.

(2) Both **(A)** and **(R)** are false.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(4) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

**अभिकथन (A) :** बच्चों में रचनात्मकता को पोषित करने के लिए उनके चिंतन और मनन करने के लिए व्यावहारिक समस्याओं और मुद्दों को प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

**कारण (R) :** रचनात्मक बच्चों में कुछ नया खोजने की क्षमता होती है और उन्हें बौद्धिक उत्तेजना की आवश्यकता होती है।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

26. According to Piaget, which of the following is an example of assimilation ?

(1) A child learns to ride a cycle with training wheels.

(2) A child learns to tie their shoes for the first time.

(3) A child learns a new word for a familiar object.

(4) A child realizes that a dog and a cat are both animals.

पियाजे के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा समायोजन का उदाहरण है ?

(1) एक बच्चा अतिरिक्त पहियों के साथ साईकिल चलाना सीखता है।

(2) बच्चा पहली बार अपने जूतों को बांधना सीखता है।

(3) बच्चा परिचित वस्तु के लिए नया शब्द सीखता है।

(4) एक बच्चा महसूस करता है कि कुत्ता और बिल्ली दोनों जानवर हैं।

27. In response to the question, "Is it alright to steal the chocolate from the freezer in absence of your parents ?" 4-year-old Meera replied, "It will be wrong because doing so can cause punishment from the parent." Meera's moral reasoning depicts which stage of Lawrence Kohlberg's theory of moral development ?

(1) Post-conventional (2) Pre-conventional

(3) Conventional (4) Formal Conventional

''क्या आपके माता-पिता की अनुपस्थिति में फ्रीजर से चॉकलेट चोरी करना ठीक है ?'', इस सवाल के जवाब में 4 वर्ष की मीरा ने जवाब दिया, ''ऐसा करना गलत होगा क्योंकि ऐसा करने से मुझे माता-पिता से सज़ा मिल सकती है।'' मीरा का नैतिक तर्क लॉरेंस कोलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत की किस अवस्था को दर्शाता है ?

(1) उत्तर परंपरागत (2) पूर्व परंपरागत

(3) परंपरागत (4) औपचारिक परंपरागत

28. As per Jean Piaget's theory of development, children develop __________ by the end of sensorimotor stage.

(1) Object permanence
(2) Symbolic thinking
(3) Conservation
(4) Hypothetical logical reasoning

जीन पियाजे के विकास के सिद्धांत के अनुसार, बच्चे संवेदीप्रेरक अवस्था के अंत तक __________ विकसित कर लेते हैं।

(1) वस्तु स्थायित्व
(2) सांकेतिक चिंतन
(3) संरक्षण
(4) परिकल्पित तार्किकता

29. As per Lev Vygotsky, 'inner speech' :

(1) is a sign of cognitive immaturity among children.
(2) occurs from birth until the age of three.
(3) helps in reasoning and organizing thoughts.
(4) hinders the cognitive development of children.

लेव वायगोत्स्की के अनुसार, 'आंतरिक वाक' :

(1) बच्चों में संज्ञानात्मक अपरिपक्वता का एक लक्षण है।
(2) जन्म से लेकर तीन वर्ष की उम्र तक होती है।
(3) तर्क करने और विचारों को व्यवस्थित करने में मदद करती है।
(4) बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में बाधा डालती है।

30. Critical thinking in students can be promoted by :

(1) Discouraging collaborations
(2) Encouraging students to do rote rehearsal
(3) Encouraging questions such as what, why, how
(4) Discouraging metacognition

छात्रों में आलोचनात्मक सोच को किस प्रकार बढ़ावा दिया जा सकता है?

(1) सहयोग को हतोत्साहित करके।
(2) छात्रों को रटने का पूर्वाभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करके।
(3) क्या, क्यों, कैसे जैसे उत्साहवर्धक प्रश्न पूछकर।
(4) अधिसंज्ञान को हतोत्साहित करके।

## PART - II / भाग - II
## MATHEMATICS / गणित

***Direction :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

**31.** How many twin primes are there in the numbers from 1 to 50 ?
1 से 50 तक की संख्याओं में, कितने अभाज्य युग्म हैं ?
(1) 5 (2) 4 (3) 7 (4) 6

**32.** According to NIPUN Bharat Mission, the states will ensure to achieve foundational numeracy till grade III by the end of the year :
निपुण भारत मिशन के अनुसार राज्य __________ वर्ष के अन्त तक ग्रेड III तक मूलभूत अंकज्ञान प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।
(1) 2024-25 (2) 2029-30 (3) 2026-27 (4) 2027-28

**33.** A triangular pyramid has :
(1) 3 faces and 6 edges. (2) 3 faces and 4 edges.
(3) 4 faces and 4 edges. (4) 4 faces and 6 edges.
एक त्रिभुजाकार पिरामिड् में :
(1) 3 फलक और 6 किनारे होते हैं। (2) 3 फलक और 4 किनारे होते हैं।
(3) 4 फलक और 4 किनारे होते हैं। (4) 4 फलक और 6 किनारे होते हैं।

**34.** Amita starts from the place A and reaches place B in 4 hours 44 minutes. From there, she returns to the starting place A in 3 hours 24 minutes. If she reaches back at 2.30 pm, then her starting time from place A was :
अमीता स्थान A से प्रारंभ करके स्थान B तक 4 घंटे 44 मिनटों में पहुँचती है। वहाँ से वह वापिस प्रारंभिक स्थान A पर 3 घंटे 24 मिनटों में पहुँच जाती है। यदि वह वापिस 2.30 pm पर पहुँचती है, तो उसका स्थान A से चलने का प्रारंभिक समय था :
(1) 6.22 am (2) 6.24 am (3) 6.44 am (4) 6.00 am

**35.** Work of which Indian Mathematician can be associated with "Game Theory" ?
(1) Ramanujan (2) Brahmgupta (3) Aryabhatta (4) Mahavira
किस भारतीय गणितज्ञ के कार्य को ''गेम थ्योरी'' से संबंधित किया जा सकता है ?
(1) रामानुजन (2) ब्रह्मगुप्त (3) आर्यभट्ट (4) महावीर

**36.** The perimeter of a rectangle is 410 m and its length is 123 m. The breadth of the rectangle (in m) is :
एक आयत का परिमाप 410 m है और इसकी लंबाई 123 m है। आयत की चौड़ाई (m में) है :
(1) 86 (2) 88 (3) 92 (4) 82

**37.** The missing number in the pattern 325, 259, 204, 160, 127, 105 __________ is :
पैटर्न 325, 259, 204, 160, 127, 105, __________ में लुप्त संख्या है :
(1) 98 (2) 94 (3) 90 (4) 96

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

38. Main objective of teaching Pictographs to students is :
(1) To engage students in the class activities
(2) To represent data in an interesting way
(3) To develop drawing skills in students
(4) To utilize the free time of the students in the class

विद्यार्थियों को चित्रलेख पढ़ाने का मुख्य उद्देश्य है :
(1) विद्यार्थियों को कक्षा के क्रियाकलापों में शामिल करना
(2) रुचिपूर्ण तरीके से आंकड़ों को निरूपित करना
(3) विद्यार्थियों में ड्राइंग कौशल विकसित करना
(4) कक्षा में विद्यार्थियों के खाली समय का उपयोग करना

39. Which of the following fractions are in descending order ?

निम्न में से कौन सी भिन्न अवरोही क्रम में हैं?

(1) $\frac{8}{11}, \frac{5}{9}, \frac{4}{5}, \frac{3}{7}$ (2) $\frac{4}{5}, \frac{8}{11}, \frac{5}{9}, \frac{3}{7}$ (3) $\frac{3}{7}, \frac{4}{5}, \frac{5}{9}, \frac{8}{11}$ (4) $\frac{3}{7}, \frac{5}{9}, \frac{8}{11}, \frac{4}{5}$

40. Ms. Rajlakshmi, a primary class mathematics teacher brings in a variety of concrete material in her classroom like bundles of match sticks, ice cream sticks, coloured buttons, base 10 blocks etc. to teach the concept of place value.

Which of the following principles of theory of Zoltan P. Dienes is being used by her ?
(1) Iconic Mode
(2) Perceptual Variability Principle
(3) Mathematical Variability Principle
(4) Dynamic Principle

सुश्री राजलक्ष्मी, प्राथमिक कक्षा की गणित की एक शिक्षिका, स्थानीय मान की अवधारणा के शिक्षण के लिए विभिन्न प्रकार की ठोस वस्तुएँ जैसे माचिस की तीलियों के बंडल, आईसक्रीम की डंडियाँ, रंग-बिरंगे बटन, आधारभूत (बेस) 10 के ब्लॉक्स इत्यादि अपनी कक्षा में लेकर आती हैं।

निम्नलिखित में से ज़ोल्टन पी. डीन्स के सिद्धांत के किस नियम का उपयोग उनके द्वारा किया जा रहा है?
(1) दृश्यमापिता नियम
(2) बोधात्मक (प्रत्यक्षज्ञानात्मक) परिवर्तिता नियम
(3) गणितीय परिवर्तिता नियम
(4) गतिशील नियम

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

41. In a class, teacher prepared following table showing colours of eyes of 40 students :

| | Blue eye | Brown eye | Black eye |
|---|---|---|---|
| Boys | 5 | 4 | 11 |
| Girls | 7 | 3 | 10 |

Teacher told four students to write one statement each about this table on black-board. They wrote :

(a) Number of boys and girls are equal.
(b) Mostly students have black eye.
(c) Total number of students having blue eyes is odd.
(d) Total number of students having brown eyes is odd.

Choose the **correct** option :

(1) (a), (b) and (d) are true but (c) is false.
(2) (b) and (c) are true but (a) and (d) are false.
(3) (a), (b), (c) are true but (d) is false .
(4) (a), (b) are true but (c), (d) are false.

एक कक्षा में अध्यापक ने निम्न तालिका बनाई जो 40 विद्यार्थियों की आँखों के रंग को दर्शाती है :

| | नीली आँखें | भूरी आँखें | काली आँखें |
|---|---|---|---|
| लड़के | 5 | 4 | 11 |
| लड़कियाँ | 7 | 3 | 10 |

अध्यापक ने चार विद्यार्थियों को कहा कि वे इस तालिका के बारे में एक-एक कथन श्यामपट्ट पर लिखें। उन्होंने लिखा :

(a) लड़कों और लड़कियों की संख्याएँ समान हैं।
(b) अधिकतर विद्यार्थियों की आँखें काले रंग की हैं।
(c) नीली आँखों वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या विषम है।
(d) भूरी आँखों वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या विषम है।

**सही** विकल्प को चुनिए :

(1) (a), (b) और (d) सही हैं परन्तु (c) गलत है।
(2) (b) और (c) सही हैं परन्तु (a) और (d) गलत हैं।
(3) (a), (b), (c) सही हैं परन्तु (d) गलत है।
(4) (a), (b) सही हैं परन्तु (c) और (d) गलत हैं।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

42. Which of the following statement is **least** appropriate about the errors made by students in a mathematics classroom ?

(1) They can be persistent if not identified.

(2) They can be described but cannot be analysed.

(3) They can be repeated.

(4) They can be determined by a diagnostic test.

गणित की कक्षा में विद्यार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सबसे कम** उपयुक्त है ?

(1) वे बार-बार हो सकती हैं यदि उनकी पहचान न की जाए।

(2) उनका वर्णन किया जा सकता है परन्तु विश्लेषण नहीं किया जा सकता।

(3) वे दोहराई जा सकती हैं।

(4) वे नैदानिक परीक्षा द्वारा पहचानी जा सकती हैं।

43. Problem solving method of teaching mathematics involves which of the following steps ?

(a) Posing mathematical problems and instructing steps of solutions.

(b) Design a task based upon the current understanding of the students.

(c) Posing everyday problems and help learners make sense of the mathematics involved.

(d) Allowing the learners to actively take part in the finding solutions of the problems and justify the solutions.

Choose the **correct** option :

(1) only (d) (2) (c) and (d) (3) (b), (c) and (d) (4) only (a)

गणित पढ़ाने की समस्या-समाधान विधि में निम्नलिखित में से कौन सा/से चरण शामिल है/हैं ?

(a) गणितीय समस्याओं को प्रस्तुत करना और समाधान के चरणों का निर्देश देना।

(b) विद्यार्थियों की वर्तमान समझ के आधार पर एक कार्य का सृजन करें।

(c) दैनिक जीवन की समस्याओं को प्रस्तुत करना और उनमें निहित गणित को समझने में विद्यार्थियों की सहायता करना।

(d) शिक्षार्थियों को सक्रिय रूप से समस्याओं के समाधान खोजने में भाग लेने और समाधान को उचित सिद्ध करने के अवसर देना।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) केवल (d) (2) (c) और (d) (3) (b), (c) और (d) (4) केवल (a)

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**44.** According to National Curriculum Framework 2005, mathematics curriculum must incorporate mathematical processes which are :

(1) Problem solving using estimation, approximations and spatial reasoning

(2) Doing quick mental calculations

(3) Teaching and learning of procedures of problem solving

(4) Memorization and application of formulae and multiplication tables in problem solving

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार, गणित के पाठ्यक्रम में सबसे महत्वपूर्ण गणितीय प्रक्रियाओं को शामिल करना चाहिए, जो हैं :

(1) अनुमान, सन्निकटन और दिक्स्थान संबंधी विवेचन का उपयोग करके समस्या समाधान करना

(2) तीव्रता से मानसिक गणना करना

(3) समस्या समाधान की प्रक्रियाओं का शिक्षण और अधिगम

(4) समस्या समाधान में सूत्रों और गुणन सारणियों का स्मरण और अनुप्रयोग करना

**45.** While giving a rectangular page to Mohan, Mathematics teacher told him to make a square out of it. Mohan folded that paper from one side and made a square. At what level of Van Heile's theory of geometrical understanding Mohan is ?

(1) Level 1 (Analysis) (2) Level 0 (Visualisation)

(3) Level 3 (Deduction) (4) Level 2 (Relationship)

गणित की अध्यापिका ने मोहन को एक आयताकार काग़ज़ देते हुए कहा कि इससे आप एक वर्ग बनाओ। मोहन आयताकार काग़ज को एक तरफ से मोड़कर वर्ग बना देता है। मोहन, वैन हीले की ज्यामितीय समझ के सिद्धांत के किस स्तर पर है ?

(1) स्तर 1 (विश्लेषण) (2) स्तर 0 (दृश्यीकरण)

(3) स्तर 3 (निगमन) (4) स्तर 2 (संबंधों की समझ)

**46.** Which of the following letters has one line of symmetry ?

निम्न में से किस अक्षर की एक सममित रेखा होती है ?

(1) X (2) S (3) V (4) O

**47.** If HCF of two numbers is 18, then which of the following cannot be their LCM ?

यदि दो संख्याओं का HCF = 18 है, तो निम्न में से कौन सी संख्या इनका LCM नहीं हो सकती ?

(1) 108 (2) 72 (3) 144 (4) 128

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

48. Which of the following is an example of a task based on creative thinking that can be given to students of grade 5 ?

(1) Find the area of a rectangle whose length is half of its breadth

(2) Write multiplication table of 7

(3) Add 415 and 237 using column addition

(4) Find the area of a rectangle using formula

निम्नलिखित में से कौन सा एक सृजनात्मक चिंतन पर आधारित कार्य का उदाहरण है जो ग्रेड 5 के विद्यार्थियों को दिया जा सकता है ?

(1) एक आयत जिसकी लम्बाई उसकी चौड़ाई से आधी है, उसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए

(2) 7 का पहाड़ा लिखिए

(3) कॉलम जोड़ द्वारा 415 और 237 जोड़ें

(4) सूत्र की सहायता से आयत का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए

49. Which of the following activities, most appropriately, represents the four stages involved in handling data i.e., collecting, organising, representing and interpreting data ?

(1) Asking the pupils to mark their birth dates on a calendar.

(2) Asking the pupils to write the names of their favourite cartoons.

(3) Collecting data about how pupils travel to school and then comparing the different modes of transport used by the pupils.

(4) Asking the pupils to list their favourite food.

निम्नलिखित में कौन-सी गतिविधि, आँकड़ों के प्रबंधन के चार स्तरों, यानि कि, आँकड़ें एकत्रित करना, संगठित करना, निरूपित करना और प्रतिपादित करना, को सबसे उपयुक्त रूप से दर्शाती है ?

(1) विद्यार्थियों को एक कैलेण्डर पर अपनी जन्म तिथि को चिह्नित करने के लिए कहना।

(2) विद्यार्थियों को अपने पसंदीदा कार्टून का नाम लिखने के लिए कहना।

(3) यह आँकड़ें एकत्रित करना कि विद्यार्थी स्कूल कैसे जाते हैं और फिर विद्यार्थियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले यातायात के विभिन्न साधनों की तुलना करना।

(4) विद्यार्थियों से उनके पसंदीदा खाने की सूची बनाने को कहना।

50. The numerical values of perimeter and area of a square are equal. The length of the side of the square is :

(1) 4 units (2) 8 units (3) 1 unit (4) 2 units

एक वर्ग के परिमाप और क्षेत्रफल के संख्यात्मक मान समान हैं। उस वर्ग की भुजा की लंबाई है :

(1) 4 इकाई (2) 8 इकाई (3) 1 इकाई (4) 2 इकाई

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**51.** Which of the following is **least** appropriate in context of learning outcomes at foundational stage in mathematics ?

(1) Children advance to the next level of learning outcomes only upon achieving certain level of proficiency at the current level.

(2) Primarily summative assessment is used to assess the skills or concepts developed at each level.

(3) Explicit and measurable learning outcomes are defined which are the pathways for competency acquisition.

(4) Designing activities connected to real-life situations to strengthen the learning outcomes.

निम्नलिखित में से कौन-सा गणित में मूलभूत स्तर पर अधिगम प्रतिफलों के लिए **सबसे कम** उपयुक्त है ?

(1) बच्चे वर्तमान स्तर पर प्रवीणता के एक निश्चित स्तर को प्राप्त करने पर ही अधिगम के प्रतिफलों के अगले स्तर पर आगे बढ़ते हैं।

(2) मुख्य रूप से योगात्मक आकलन का उपयोग प्रत्येक स्तर पर विकसित कौशलों या अवधारणाओं का आकलन करने के लिए किया जाता है।

(3) स्पष्ट और मापने योग्य अधिगम के प्रतिफलों को परिभाषित किया गया है जो योग्यता अधिग्रहण के रास्ते हैं।

(4) अधिगम प्रतिफलों को सशक्त करने के लिए दैनिक जीवन से संबंधित गतिविधियाँ बनाना।

**52.** If a six digits number $72x292$ is divisible by 36, then the value of $(3x+2)$ is :

यदि एक छ: अंकों की संख्या $72x292$ संख्या 36 से विभाज्य है, तो $(3x+2)$ का मान है :

(1) 17 (2) 20 (3) 15 (4) 16

**53.** Radha bought 9 bags of rice each weighing 9 kg 995 g. Total weight of rice in the bags is :

राधा ने चावल के 9 बोरियाँ खरीदीं, जिसमें से प्रत्येक में चावल का भार 9 kg 995 g है। इन बोरियों में चावल का कुल भार है :

(1) 89.795 kg (2) 89.955 kg (3) 89.985 kg (4) 89.595 kg

**54.** Which among the following is an example of a real life situation which represents 'division as equal sharing' ?

(1) There are 30 students in a class. Teacher wants to form 5 groups of same size. How many students will be there in each group ?

(2) Divide 50 into 10 equal groups.

(3) There are 10 biscuits in a packet. How many biscuits will be there in 5 such packets ?

(4) There are 60 toffees in a packet and Samir would like to distribute it to his friends. How many toffees each friend will get ?

निम्नलिखित में से कौन सा वास्तविक जीवन की स्थिति का एक उदाहरण है जो 'भाग को समभागी संरचना' के रूप में दर्शाता है ?

(1) एक कक्षा में 30 विद्यार्थी हैं। अध्यापक 5 समूह बराबर संख्या के बनाना चाहते हैं तो प्रत्येक समूह में कितने विद्यार्थी होगें ?

(2) 50 का 10 के बराबर समूहों में विभाजन।

(3) एक पैकेट में 10 बिस्कुट हैं। ऐसे पाँच पैकेटों में कितने बिस्कुट होंगे ?

(4) एक पैकेट में 60 टॉफी हैं। समीर इन्हें अपने मित्रों में बाँटना चाहता है। उसके हर मित्र को कितनी टॉफी मिलेंगी ?

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

55. One of the most important purposes of assessment in mathematics at primary school level is to :
(1) prepare learners for secondary and high school mathematics
(2) find out mathematicians of the future
(3) determine learner's intelligence levels
(4) find out important learning gaps and likewise make modifications in the pedagogy
प्राथमिक विद्यालयी स्तर पर गणित में आकलन का कौन-सा एक सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य है?
(1) माध्यमिक और उच्च विद्यालय के गणित के लिए शिक्षार्थियों को तैयार करना
(2) भविष्य के गणितज्ञों को पहचानना
(3) शिक्षार्थी के बुद्धि स्तर का निर्धारण करना
(4) अधिगम में रह गई महत्वपूर्ण कमियों का पता लगाना और उसके अनुसार शिक्षाशास्त्र में संशोधन करना

56. The difference between the greatest and smallest five digit numbers that can be formed using the digits 8, 2, 7, 0 and 6 only once is :
अंकों 8, 2, 7, 0 और 6 के उपयोग से पाँच अंकों की बनाई जा सकने वाली सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्याओं का अंतर है :
(1) 66942 (2) 67942 (3) 56942 (4) 65942

57. What is the difference of the place values of the two 8s in the number 2853847 ?
संख्या 2853847 में दोनों 8 के स्थानीय मानों का क्या अंतर है?
(1) 792000 (2) 799920 (3) 7999200 (4) 799200

58. Computational skills in mathematics can be enhanced by :
(1) giving conceptual knowledge
(2) clarifying concepts and procedures followed by a lot of practice
(3) describing algorithms only
(4) conducting hands-on-activities in class
(2) कोई भी किसी को सर्वश्रेष्ठ समझ सकता है

(3) कोई भी स्वयं को सर्वश्रेष्ठ समझ सकता है

(4) कोई भी स्वयं को विशिष्ट समझ सकता है

**92.** '<u>अच्छे</u> प्रयोजन' में रेखांकित शब्द है __________ ।

(1) परिमाणवाचक विशेषण (2) संख्यावाचक विशेषण

(3) गुणवाचक विशेषण (4) सार्वनामिक विशेषण

**93.** अच्छे उद्देश्य से किए गए कार्य भी मलिन हो जाते है जब वे __________ ।

(1) मलिन उद्देश्य के साथ किए जाते हैं (2) दिखावे के लिए किए जाते हैं

(3) लोभ व लालच के लिए किए जाते हैं (4) स्वच्छ हाथों से किए जाते हैं

**94.** सद्भाव का संधि विच्छेद है __________ ।

(1) सद् + भाव (2) सदु + भाव (3) सु + भाव (4) सत् + भाव

**95.** गद्यांश के अनुसार मनुष्य के पतन का कारण है :

(1) भूल (2) आलस्य (3) घमंड (4) बुरी आदतें

**96.** गद्यांश के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को कैसा जीवन जीना चाहिए ?

(1) समभाव और समानता का (2) समानता और न्याय का

(3) प्रेम और सद्भाव का (4) सद्भाव और समभाव का

**97.** यदि कोई स्वयं को सबसे श्रेष्ठ मानता है तो यह उसका/उसकी __________ है।

(1) श्रेष्ठ विचार (2) विनम्रता (3) बड़प्पन (4) भूल

**98.** गद्यांश के अनुसार मान-सम्मान कब कम हो जाता है?

(1) जब अहंकार हो जाता है (2) जब निरादर हो जाता है

(3) जब मन शांत नहीं रहता है (4) जब क्रोध अनियंत्रित हो जाता है

**99.** निम्न में किस शब्द में 'ता' प्रत्यय का प्रयोग **नहीं** किया जा सकता है?

(1) प्रयत्न (2) समान (3) मलिन (4) श्रेष्ठ

**नीचे दी गई कविता की पंक्तियों को पढ़कर सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए। (100-105)**

जीवन अस्थिर अनजाने ही,
हो जाता पथ पर मेल कहीं,
सीमित पग डग, लंबी मंज़िल,
तय कर लेना कुछ खेल नहीं।
दाएँ-बाएँ सुख-दुख चलते,
सम्मुख चलता पथ का प्रसाद,
जिस-जिस से पथ पर स्नेह मिला,
उस-उस राही को धन्यवाद।

**100.** समूह से भिन्न शब्द है –

(1) जिस-जिस (2) स्थिरता-अस्थिरता (3) दाएँ-बाएँ (4) सुख-दुख

**101.** 'लक्ष्य' को व्यक्त करने के लिए उचित शब्द है –

(1) जीवन (2) पग (3) मंज़िल (4) पथ

**102.** कवि अपने जीवन में किन्हें धन्यवाद देना चाहता है?

(1) खेल दिखाने वाले को (2) साथ चलने वाले को

(3) प्रेरणा देने वाले को (4) स्नेह देने वाले को

**103.** जीवन की विशेषता है :

(1) लंबा (2) अस्थिर (3) अनजाना (4) सीमित

**104.** 'सीमित पग' प्रतीक है –

(1) सीमित मित्रों का (2) सीमित संसाधनों का (3) सीमित रास्ते का (4) संकरे मार्ग का

**105.** जीवन में कुछ भी प्राप्त कर लेना –

(1) सरल है (2) अविश्वसनीय है (3) असंभव है (4) कठिन है

**106.** एक भाषा अध्यापक अपने विद्यार्थियों को उनकी अपनी अधिगम शैली और प्राथमिकता का पता लगाने के लिए प्रश्नावली देता है। यहाँ अध्यापक किस भूमिका का निर्वाह कर रहा है?

(1) विशेषज्ञता संबंधी सूचना देने वाला (2) निदानशास्त्री

(3) प्रबंधक (4) योजना निर्माणक

**107. अभिकथन (A) :** कक्षा में अधिगम अनुभव बच्चों के जीवन और उनके संदर्भों से जुड़े होते हैं।

**कारण (R) :** अधिगम अनुभवों की अभिकल्पना बच्चों की पूर्व समझ के आधार पर करनी चाहिए।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सर्वाधिक उपयुक्त** उत्तर का चयन करें :

(1) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(2) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

**108.** भाषा अधिगम के बारे में कौन-सा सही **नहीं** है?

(1) भाषा अधिगम का संबंध अर्थ ग्रहण करने से है।

(2) भाषा अधिगम के लिए व्याकरण सीखना अनिवार्य है।

(3) सभी शिक्षार्थी सरलतापूर्वक भाषा सीख सकते हैं, यदि उन्हें भाषा में व्यवहार करने के लिए पर्याप्त अवसर दिए जाएँ।

(4) भाषा अधिगम में समय लगता है।

**109. अभिकथन (A) :** भाषा सांस्कृतिक जागरूकता और अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण पहलू है, यह वह प्रमुख दक्षता है जिसका विकास बच्चों में होना आवश्यक है।

**कारण (R) :** सांस्कृतिक जागरूकता और अभिव्यक्ति की दक्षताएँ बच्चों को अस्मिता का भाव प्रदान करती हैं, साथ ही साथ सम्बद्धता, दूसरों की संस्कृति और अस्मिता की सराहना का भाव भी पैदा करती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सर्वाधिक उपयुक्त** उत्तर का चयन करें :

(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(2) **(A)** गलत है लेकिन **(R)** सही है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

**110.** **अभिकथन (A) :** किसी एक विद्यार्थी का पोर्टफोलियो उस विद्यार्थी के कार्यों का उद्देश्यपूर्ण संग्रह होता है।

**कारण (R) :** पोर्टफोलियो विद्यार्थियों को उनके अपने प्रबल पक्ष और कमजोर पक्ष का मूल्याँकन करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सर्वाधिक उपयुक्त** उत्तर का चयन करें :

(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(2) **(A)** गलत है लेकिन **(R)** सही है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

**111.** पाठ्यपुस्तकों में रचनाकारों द्वारा लिखी गई कहानियाँ, कविताएँ, नाटक और लेखन की और भी विधाएँ होती हैं। हमें इस प्रकार की सामग्री का चयन करना चाहिए क्योंकि :

(1) सुविख्यात रचनाकारों द्वारा लिखी जाती है।

(2) यह सामग्री सरल भाषा में लिखी जाती हैं।

(3) ये सामग्री प्रामाणिक होती हैं और स्वाभाविक भाषा में होती है।

(4) पाठ्यपुस्तकों में शामिल किए जाने के उद्देश्य से लिखी जाती हैं।

**112.** निम्नलिखित में से कौन-सा पठन का उप कौशल **नहीं** है?

(1) किसी विशिष्ट आवश्यक जानकारी को प्राप्त करने के लिए बारीकी से पठन

(2) प्रत्येक शब्द की वर्तनी जानना

(3) शब्दावली को पहचानना, मुख्य बिन्दुओं का चयन करना

(4) अर्थ निकालना और अपरिचित कोशविषयक शब्दों का प्रयोग

**113.** भाषा विकास का संज्ञानात्मक सिद्धांत समर्थित करता है कि भाषा __________ ।

(1) समाज में लोगों के साथ अन्त:क्रिया के माध्यम से सीखी जाती है

(2) शाब्दिक अभिव्यक्ति से पहले अवधारणाओं के प्रति बच्चे की समझ पर निर्भर करती है

(3) व्यक्ति की जन्मजात क्षमता है

(4) पुरस्कार और दंड के माध्यम से सीखी जाती है

**114.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन चित्रों के बारे में **गलत** है?

पुस्तकों में चित्र और आरेख :

(1) बच्चों को इस तरह के चित्र बनाने के लिए अवसर मिलते हैं।

(2) अपरिचित और याद रखने योग्य प्रसंगों में भाषा प्रस्तुत करने में मदद करते हैं।

(3) विषय वस्तु को उभारते हैं।

(4) बच्चों की रुचि बनाए रखते हैं।

115. छोटी आयु वाले शिक्षार्थियों के बारे में कौन-सा कथन **सही** है ?

(1) बहुत छोटी आयु वाले शिक्षार्थी आंशिक रूप से अमूर्त अवधारणाओं को समझ पाते हैं।

(2) बहुत छोटी आयु वाले शिक्षार्थी अमूर्त अवधारणाओं द्वारा प्रेरित होते हैं।

(3) बहुत छोटी आयु वाले शिक्षार्थी अमूर्त अवधारणाओं को समझ लेते हैं।

(4) बहुत छोटी आयु वाले शिक्षार्थियों के लिए अमूर्त अवधारणाओं को समझना कठिन होता है।

116. कक्षा एक की अध्यापिका ने अपने शिक्षार्थियों से कहा कि वे दीवारों पर कीरम काँटे बनाएँ, चित्र बनाएँ और जो भी मन में आ रहा है, उसे लिखें। वह उन्हें किस बात के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं ?

(1) लेखन कौशल विकास
(2) वर्णमाला के अक्षरों को लिखने की शुरूआत
(3) उद्गामी साक्षरता विकास
(4) आनन्द और हास्य

117. एक अध्यापक ने महसूस किया कि उसके कुछ विद्यार्थियों को भाषा अधिगम के किसी पहलू विशेष जैसे कि वैज्ञानिक अवधारणा से संबंधित पाठ्य सामग्री का पठन, में कठिनाई आ रही है। अध्यापक ने इन विद्यार्थियों जिन्हें कठिनाई आ रही थी, के लिए पृथक रूप से शिक्षण किया जिससे कि वे इस तरह की पाठ्य सामग्री के प्रति समझ बना सकें और पठन कर सकें। इस तरह के अभ्यास को किस रूप में जाना जाएगा ?

(1) चिंतन कौशल
(2) प्रतिपुष्टि (फीडबैक) शिक्षण
(3) उपचारात्मक शिक्षण
(4) उच्च स्तरीय कौशल

118. इस बात का आकलन करने के लिए कि विद्यार्थी किसी दूकान से कुछ खरीदने के लिए व्यावहारिक भाषा का प्रयोग कर सकते हैं या नहीं, इसके लिए विद्यार्थी को क्या करना उचित होगा ?

(1) दूकानदार और ग्राहक के बीच घटित कोई लघु कथा पढ़ने के लिए दी जाए।

(2) दूकानदार और ग्राहक के बीच हो रहा दृश्य चित्रित करने के लिए कहा जाए।

(3) दूकानदार और ग्राहक के बीच होने वाले लघु संवाद को लिखने के लिए कहा जाए।

(4) खाद्य पदार्थ संबंधी प्राथमिकताएँ लिखने के लिए कहा जाए।

119. आप अपनी कक्षा में विद्यार्थियों की अन्त:क्रिया को सुगम बनाने के लिए क्या प्रयास करेंगे ?

(a) विद्यार्थियों को अधिक से अधिक प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

(b) जोड़ीदार के साथ तथा समूह में कार्य करवाएँगें, विद्यार्थियों से उनकी राय आमन्त्रित करेंगे।

(c) पाठ्य सामग्री को सस्वर पढ़ने के लिए कहेंगे और प्रत्येक को व्यक्तिगत रूप से उत्तर देंगें जिससे कि व्यक्तिगत अधिगम हो सके।

(d) एक-दूसरे को संवाद पढ़कर सुनाने के लिए कहेंगे जिससे अन्त:क्रिया हो सके और एक-दूसरे से प्रश्न पूछने के लिए कहेंगे।

(1) (a), (b), (d) सही हैं
(2) (a), (c), (d) सही हैं
(3) (a), (b), (c) सही हैं
(4) (b), (c), (d) सही हैं

120. एक अध्यापक अपने विद्यार्थियों की शब्दसंपदा का विकास करने के लिए ऐसी सामग्री का प्रयोग करता है जिसकी भाषा को अपेक्षाकृत सरल किया गया है और जो प्रामाणिक सामग्री पर आधारित है। इस सामग्री को क्या कहेंगे ?

(1) द्विभाषिक शब्दकोश
(2) स्तरवार पठन पुस्तकें (ग्रेडेड रीडर)
(3) समाचार पत्र
(4) रोल-कार्ड

# PART - V

# LANGUAGE – II : ENGLISH

| |
|---|
| **IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part-V (Q. No. 121-150),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE-II** only. |

**Read the passage given below and answer the questions that follow : (121-128)**

At that moment, we heard a big bang from outside, as if a bomb had exploded! We felt as if we were being thrown violently to the ground. From the shadow of a tree nearby, someone emerged and walked slowly towards the shop to stand before us. Everything had happened in the fraction of a second and seeing his face now, my throat went suddenly dry.

He was a young boy. Across his cheek ran a deep gash, from eye to lip made by a bullet or a sharp knife. There was blood and pus in it. The flesh under his lip looked as if it had been ripped open and we could see his teeth in the quavering light.

I went to the old woman and took her hand in mine, gripping it tightly. We were both shivering. The boy was wearing black jeans and a khaki jacket. And what was that in his hand ?
A revolver ? Even in the smoky light of the kerosene lamp, the barrel shone. The old woman burst into a hysterical cry.

'Oh my Kanbap, my son! I told your father a thousand times to bring you from the railway track. Oh my son, what has happened to you ? Why are you bleeding like this ?'

Suddenly the boy's eyes fell on the girl sitting in the corner and trembling with fear. He sped like a bullet towards the girl and grabbing her hair, rained blows and kicks on her stomach, shouting, 'I will smash your womb! I will kill the bastard child of that soldier you are carrying... Making love with a soldier, dirty bitch! Phooh! Phooh!

**121.** State which of the following statements is True/False ?
(A) The boy was dressed in casual wear.
(B) On seeing his sister, the boy attacked her in rage.
(1) (A) is True but (B) is False. (2) (B) is True but (A) is False.
(3) Both (A) and (B) are True. (4) Both (A) and (B) are False.

**122.** 'He sped <u>like</u> a bullet towards the girl.'
The underlined word is a/an __________.
(1) Preposition (2) Conjunction (3) Noun (4) Adjective

**123.** What kind of sentence is the following ?
And what was that in his hand ?
(1) Exclamatory (2) Negative (3) Assertive (4) Interrogative

**124.** What does the underlined word mean in the expression; ... 'in the <u>quavering</u> light' ?
(1) fluctuating (2) running (3) hanging (4) moving

**125.** What was the relationship of the tea-seller's family with the boy ? He was their .....
(1) neighbour (2) friend (3) son (4) relative

**126.** State which of the following statements is True/False ?
(A) The narrator offered sympathy to the old woman.
(B) The boy attacked his sister in a violent manner.
(1) (A) is True but (B) is False. (2) (B) is True but (A) is False.
(3) Both (A) and (B) are True. (4) Both (A) and (B) are False.

**127.** How did the people present react to the big sound ?
(1) They were indifferent to it.
(2) They were confused.
(3) They maintained their composure.
(4) They were shocked beyond belief.

**128.** The youngman who appeared on the scene .....
(1) seemed full of curiosity. (2) was grievously wounded.
(3) looked hale and hearty. (4) was happy and smiling.

**Read the passage given below and answer the questions that follow : (129-135)**

I have told you already about the formation of tribes. When agriculture came, and there was some division of work or labour, it became necessary for some person in the tribe to organise the work. Even before this, the tribes wanted someone to lead them to battle against another tribe. The leader was usually the oldest man in the group. He was called, or rather we call him now, the patriarch. As the oldest, he was supposed to be the most experienced and to have the most knowledge. This patriarch was not very different from the other members of the tribe. He worked with the others, and all the food that was produced was divided between all the members of the tribe. Everything belonged to the tribe. It was not like we have now, each person having his separate house and money and many other things. Whatever a man earned was divided up as it all belonged to the tribe. The patriarch or the organiser of the tribe did this dividing.

But changes came in slowly. There were new kinds of work, especially on account of agriculture, and the patriarch had to spend most of his time in organising and seeing that work was properly done by all the members of the tribe. Little by little, the patriarch gave up doing the ordinary work or labour of the people. He thus became quite different from the rest of the people. We see now another kind of division of work or labour : the patriarch doing the organizing and ordering people about, and the other people working in the fields and hunting and going to battle, and obeying the orders of their leader, the patriarch. If there was a war or fight between two tribes, the patriarch became even more powerful, for in wartime it was not possible to fight well without a leader. So the patriarch became very powerful.

**129.** Identify the tense of the given expression :
'Whatever a man earned was divided up ...'
(1) Past Tense (2) Past Perfect
(3) Present Tense (4) Present Perfect

**130.** Identify the Part of Speech of the underlined word :
'The tribe wanted someone to lead <u>them</u> ...'
(1) Adjective (2) Preposition (3) Noun (4) Pronoun

**131.** Who was selected as the leader of the tribe ?
(1) the most domineering (2) the humblest
(3) the oldest and the wisest (4) the most powerful

**132.** Choose the word nearest in meaning to 'patriarch' :
(1) relative (2) neighbour (3) friend (4) father-figure

**133.** State which of the following is True/False.
(A) With new kinds of work coming up, the patriarch functioned like an organiser.
(B) The patriarch led his tribe to battle.
(1) (A) is True but (B) is False. (2) (B) is True but (A) is False.
(3) Both (A) and (B) are True. (4) Both (A) and (B) are False.

**134.** In situations of war between tribes, the patriarch .....
(1) was ignored.
(2) gave up his leadership role.
(3) became less powerful.
(4) became more powerful.

**135.** How was food divided in the tribe ?
(1) The patriarch got the lion's share.
(2) It was divided unequally along gender lives.
(3) It was divided equally among all members.
(4) The strong got more while the weak got less.

**136.** Which one of the following is **incorrect** about storytelling for children ?
Listening to stories, help children to :
(1) develop problem-solving skills.
(2) learn new moral values to be followed in life.
(3) learn new words and expand their vocabulary.
(4) learn sentence structure.

**137.** A teacher finds a video to fit into the topic of the unit and plans for a pair work activity around this video. The objective of this pair work activity is to encourage students to :
(1) work independently of the teacher.
(2) develop language awareness.
(3) assess their own work.
(4) make them work at a faster pace together.

**138.** A collection of short stories and other narratives are prescribed as supplementary reader for language learning. What is the major purpose of the supplementary reader ?
(1) To promote moral learning.
(2) To promote extensive reading.
(3) To promote multilingualism.
(4) To promote intensive reading.

**139.** A teacher in class V gave students a task to write a story. While students write a story, the teacher walks round the class helping students who make errors or ask new words. Here the teacher is in the role of a :
(1) Facilitator
(2) Diagnostician
(3) Manager
(4) Planner

**140.** Which among these is the primary responsibility of a language teacher ?
(1) Grouping learners into different classes.
(2) Instructing the learners.
(3) Identifying learner's communicative needs.
(4) Selecting the content for teaching.

**141.** **Assertion (A) :** Reading is more than just pronouncing a word right.
**Reason (R) :** Reading is decoding.
Select the **most appropriate** answer from the options given below :
(1) **(A)** is true, but **(R)** is false.
(2) **(A)** is false, but **(R)** is true.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true, and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(4) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

**142.** Which of the following is an **incorrect** assumption in language teaching ?
(1) Language teaching should have a focus in communicative activities.
(2) Language teaching should give importance to writing rather than to speech.
(3) Learners acquire language by trying to use it in real situations.
(4) Learner's first language plays an important role in learning.

**143.** Which of the following is **not** related to the Behaviourist theory of language acquisition ?

(1) Trial and error. (2) Social interaction.

(3) Operant conditioning. (4) Empty vessel.

**144.** Children should be exposed to and immersed in _________.

(1) multiple oral languages from an early age

(2) multiple written languages from an early age

(3) two oral languages from an early age

(4) two written languages from an early age

**145.** **Assertion (A) :** Drawing is considered to be the beginning of writing in the early literacy.

**Reason (R) :** Pictures are symbols and carry meaning.

Select the **most appropriate** answer from the options given below :

(1) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(2) **(A)** is false, but **(R)** is true.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true, and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(4) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

**146.** A teacher in a language task makes a mixed ability group of students. This mixed ability group is made to :

(1) encourage students to help one another.

(2) share teacher's load, as the teacher cannot give attention to all.

(3) identify weaker students.

(4) give space to dominate students to express freely.

**147.** Retelling of a story read by a student in his/her own words helps in assessing :

(1) Comprehension (2) Memory (3) Accuracy (4) Fluency

**148.** **Assertion (A) :** Remedial teaching is an integral part of the teaching-learning process.

**Reason (R) :** Remedial teaching is to teach again, not necessarily in the same manner the language items not properly learnt.

Select the **most appropriate** answer from the options given below.

(1) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(2) **(A)** is false, but **(R)** is true.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true, and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(4) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

**149.** The 'minimal pair' drill can be an effective strategy to improve :

(1) Pronunciation (2) Reading comprehension

(3) Grammar (4) Vocabulary

**150.** Children at the foundational stage are most comfortable and learn best in :

(1) their home language. (2) English medium.

(3) the medium of instruction. (4) the official language.

## भाग - V
## भाषा - II : हिन्दी

**महत्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग-V ( प्र.सं. 121 से 150 )** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (121-128)**

प्रत्येक व्यक्ति का जन्म राजा बनने के लिए हुआ है, इसे इस रूप में भी समझ सकते हैं कि हर व्यक्ति के पूरे जीवन का सतत संघर्ष एक सत्ता को पाना है। ऐसी सत्ता जिसकी प्रकृति, जिसकी सीमाएँ, जिसके व्यवहार को वह व्यक्ति स्वयं निर्धारित करता है। इस संघर्ष के अलग-अलग रूप हम अपने आसपास के तमाम रिश्तों में भी देख सकते हैं। परिवार के अंदर भी यह चीज दिखती है। उदाहरण के लिए एक परिवार में कोई एक व्यक्ति मुखिया बनकर अपनी भूमिका का विस्तार करता है और उस परिवार जैसी इकाई का राजा बनता है। कोई व्यक्ति अपनी कॉलोनी में लीडर बनता है तो कोई गली-मोहल्ले का राजा बनना चाहता है। कोई विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बनकर अपनी सीमाओं का विस्तार करना और एक बड़े हिस्से का राजा बनना चाहता है।

जो इन सब चक्करों में नहीं है, अकेला व्यक्ति है, वह भी अपने शरीर का राजा बनना चाहता है। अपने शरीर पर अपना अधिकार भी बड़ी बात है।

**121.** गद्यांश के अनुसार मनुष्य -

(1) अपनी भूमिका का विस्तार चाहता है।
(2) अपने विचारों पर अधिकार चाहता है।
(3) सतत संघर्षरत रहना चाहता है।
(4) पूरे विश्व पर आधिपत्य चाहता है।

**122.** 'इक' प्रत्यय का प्रयोग __________ शब्द में **नहीं** हो सकता ?

(1) प्रकृति (2) जीवन (3) परिवार (4) व्यवहार

**123.** समूह से भिन्न शब्द है -

(1) सांसद (2) संघर्ष (3) राजा (4) मुख्यमंत्री

**124.** 'लीडर' शब्द है -

(1) तत्सम (2) तद्भव (3) देशज (4) आगत

**125.** गद्यांश के अनुसार __________ अपने शरीर का राजा बनना चाहता है।

(1) व्यक्ति (2) सांसद (3) मुखिया (4) लीडर

**126.** गद्यांश के अनुसार __________ और __________ जीवन का सत्य हैं।

(1) मुख्यमंत्री होना, सीमाएँ
(2) सीमाएँ, परिवार
(3) संघर्ष, नेतृत्व करना
(4) संघर्ष, मुख्यमंत्री होना

**127.** गद्यांश के अनुसार एक व्यक्ति का जन्म __________ बनने के लिए हुआ है।

(1) मुखिया (2) लीडर (3) परिवार (4) राजा

**128.** गद्यांश के अनुसार व्यक्ति __________ के लिए संघर्ष करता है।

(1) बड़े साम्राज्य का राजा बनने
(2) सत्ता प्राप्त करने
(3) सत्ता को बढ़ाने
(4) सत्ता की सीमाएँ निर्धारित करने

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (129-135)**

इन दिनों फिर से हिंदी बनाम स्थानीय भाषाओं को लेकर शोर मचा है। इसमें कुछ चीजें समझने वाली हैं। सबसे पहले तो यही कि हिंदी हमारी मातृभाषा जरूर है, लेकिन कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल समेत अन्य प्रांत में जन्म लेने वाले व्यक्ति के लिए यह मातृभाषा नहीं हो सकती। जितना प्रेम हमें हिंदी से है, उतना ही प्रेम पंजाब में जन्मे व्यक्ति को पंजाबी से होगा, कर्नाटक में जन्मे शख्स को कन्नड़ से होगा, तमिलनाडु में जन्मे व्यक्ति को तमिल से होगा। हिंदी राजभाषा है, उसका सम्मान सर्वोपरि है, मगर हमें यह भी ध्यान देना होगा कि हिंदी का सम्मान करने के अति उत्साह में कहीं हम अन्य भाषाओं का अपमान तो नहीं कर रहे? जैसे हमारी माता, वैसे ही सबकी माता। हिंदी हमारी मातृभाषा है, तो कन्नड़, तमिल, मलयालम, तेलुगु भी किसी न किसी की मातृभाषा है। हिन्दुस्तान हमारा राष्ट्र है, हिंदी इसकी एक प्रमुख भाषा, लेकिन तमिल, कन्नड़, पंजाबी, तेलुगु, मलयालम आदि भी इसी राष्ट्र में बोली जाने वाली भाषाएँ हैं, जिनका बराबर सम्मान होना चाहिए। तभी हम गर्व से कह पाएँगे कि अनेकता में एकता हमारी सभ्यता है।

**129.** 'स्थानीय' में प्रत्यय है –

(1) ईय (2) इय (3) य (4) नीय

**130.** 'जैसी हमारी माता, वैसे ही सबकी माता।' वाक्य किस संदर्भ में कहा गया है?

(1) माता के संदर्भ में
(2) राष्ट्र के संदर्भ में
(3) राजनीति के संदर्भ में
(4) भाषा के संदर्भ में

**131.** गद्यांश के अनुसार किस बात का शोर हो रहा है?

(1) हिंदी बनाम आधुनिक भाषाएँ
(2) हिंदी बनाम बोलियाँ
(3) हिंदी बनाम तमिल
(4) हिंदी बनाम क्षेत्रीय भाषाएँ

**132.** 'अनेकता' शब्द है –

(1) क्रिया (2) प्रविशेषण (3) संज्ञा (4) विशेषण

**133.** 'अनेकता में एकता हमारी सभ्यता है।' वाक्य से आशय है :

(1) विविधता से ही समरसता आती है
(2) विविधता होते हुए भी हम सब एक हैं
(3) विविधता में एकता पुरानी बात हो गई है
(4) विविधता ही किसी राष्ट्र की पहचान होती है

**134.** 'हिंदी राजभाषा है, उसका सम्मान सर्वोपरि है।' से आशय है :

(1) राज्य विशेष की भाषा होने के कारण हिंदी का सम्मान सबसे ऊपर है
(2) भारत की राष्ट्रभाषा होने के कारण हिंदी का सम्मान सबसे ऊपर है
(3) राजाओं की भाषा होने के कारण हिंदी का सम्मान सबसे ऊपर है
(4) राजकीय कामकाज की भाषा होने के कारण हिंदी का सम्मान सबसे ऊपर है

**135.** गद्यांश में निम्न में से किस भाषा का ज़िक्र **नहीं** है?

(1) कन्नड़ (2) तमिल (3) मैथिली (4) पंजाबी

**136.** बच्चों को कहानी सुनाने के संदर्भ में कौन-सा कथन **गलत** है?

(1) कहानियाँ बच्चों में समस्या समाधान कौशलों का विकास करती हैं।
(2) कहानियाँ बच्चों को जीवन में अनुसरण करने वाले नैतिक मूल्यों को सीखने में मदद करती हैं।
(3) कहानियाँ बच्चों को नवीन शब्द सीखने और अपनी शब्द संपदा का विस्तार करने में मदद करती है।
(4) कहानियाँ बच्चों को वाक्य संरचना सीखने में मदद करती हैं।

**137.** एक अध्यापिका को एक वीडियो मिला। उसने महसूस किया कि यह वीडियो एक टॉपिक विशेष के लिए उपयुक्त है। अध्यापिका ने इस वीडियो को आधार बनाकर दो-दो के जोड़ों में कार्य करवाने की योजना बनाई। जोड़ों में कार्य करवाने की इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को क्या करने के लिए प्रोत्साहित करना है?

(1) अध्यापिका के बिना स्वतंत्र होकर कार्य करने के लिए।

(2) भाषा जागरूकता विकसित करने के लिए।

(3) अपने कार्य का स्वयं आकलन करने के लिए।

(4) साथ-साथ तेज गति से कार्य करने के लिए।

**138.** भाषा अधिगम के लिए लघु कथाओं और वृत्तान्तों का संग्रह पूरक पठन सामग्री के रूप में निर्धारित किया जाता है। पूरक पठन सामग्री का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(1) नैतिक मूल्य अधिगम को समुन्नत करना। (2) विस्तृत (एक्सटैंसिव) पठन को समुन्नत करना।

(3) बहुभाषावाद को समुन्नत करना। (4) गहन पठन (इन्टैंसिव पठन) को समुन्नत करना।

**139.** कक्षा पाँच की अध्यापिका ने अपने विद्यार्थियों को एक कहानी लिखने का कार्य दिया। जिस समय विद्यार्थी कहानी लिख रहे थे, उस समय अध्यापिका कक्षा में निरीक्षण कर रही थी और जो विद्यार्थी गलत करता या नए शब्दों के बारे में पूछता, उनकी मदद भी कर रही थी। यहाँ अध्यापिका की भूमिका क्या है?

(1) संसाधक (2) निदानशास्त्री (3) प्रबंधक (4) योजना निर्माणक

**140.** भाषा अध्यापक का मुख्य उत्तरदायित्व कौन-सा है?

(1) विभिन्न कक्षाओं में शिक्षार्थियों का समूहीकरण।

(2) शिक्षार्थियों को निर्देश देना।

(3) शिक्षार्थियों की सम्प्रेषणात्मक आवश्यकताओं की पहचान करना।

(4) शिक्षण के लिए विषयवस्तु का चयन करना।

**141.** **अभिकथन (A) :** पठन किसी शब्द को सही तरह से उच्चारित करने से कहीं बहुत अधिक है।

**कारण (R) :** पठन डिकोड करना है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सर्वाधिक उपयुक्त** विकल्प का चयन करें :

(1) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।

(2) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं हैं।

**142.** भाषा शिक्षण के बारे में कौन-सी पूर्वधारणा **गलत** है?

(1) भाषा शिक्षण का मुख्य केन्द्र बिन्दु सम्प्रेषणात्मक गतिविधियों पर होना चाहिए।

(2) भाषा शिक्षण में बोलने की अपेक्षा लिखने को अधिक महत्व देना चाहिए।

(3) शिक्षार्थी जीवन की वास्तविक स्थितियों में प्रयोग करने की कोशिश द्वारा भाषा अर्जित करते हैं।

(4) अधिगम में शिक्षार्थी की प्रथम भाषा की मुख्य भूमिका होती है।

**143.** निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा अर्जन के व्यवहारवादी सिद्धान्त से संबंधित **नहीं** है?

(1) प्रयास एवं त्रुटि (ट्रायल एंड एरर) (2) सामाजिक अन्त:क्रियाएँ

(3) संक्रियात्मक अनुकूलन (4) खाली बर्तन

**144.** बच्चों को निम्नलिखित में से किसके अधिक से अधिक अवसर मिलने चाहिए?
(1) प्रारंभिक आयु से ही बहुविध मौखिक भाषाओं के।
(2) प्रारंभिक आयु से ही बहुविध लिखित भाषाओं के।
(3) प्रारंभिक आयु से ही दो मौखिक भाषाओं के।
(4) प्रारंभिक आयु से ही दो लिखित भाषाओं के।

**145.** **अभिकथन (A) :** उद्गामी साक्षरता में चित्रकारी लेखन की शुरूआत के रूप में देखी जाती है।
**कारण (R) :** चित्र एक प्रकार के संकेत हैं और इनमें अर्थ निहित होते हैं।
नीचे दिए गए विकल्पों में से **सर्वाधिक उपयुक्त** विकल्प का चयन करें :
(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(2) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

**146.** भाषा की गतिविधि करवाते समय एक अध्यापक विद्यार्थियों का मिश्रित योग्यता वाला समूह बनाता है। इस प्रकार के मिश्रित योग्यता वाले समूह की रचना करने से ___________
(1) विद्यार्थियों को एक-दूसरे की मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।
(2) अध्यापक के कार्य-भार को कम किया जा सकता है क्योंकि अध्यापक सभी पर ध्यान नहीं दे सकता।
(3) कमजोर विद्यार्थियों की पहचान की जा सकती है।
(4) प्रभुत्व दिखाने वाले विद्यार्थियों को मुक्त रूप से अभिव्यक्त करने के अवसर मिलेंगे।

**147.** पढ़ी गई कहानी को विद्यार्थी द्वारा अपने शब्दों में पुन: बताने के माध्यम से किसका आकलन किया जा सकता है?
(1) बोधगम्यता (2) स्मृति (3) सटीकता (4) प्रवाह

**148.** **अभिकथन (A) :** उपचारात्मक शिक्षण, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का महत्वपूर्ण भाग है।
**कारण (R) :** उपचारात्मक शिक्षण का तात्पर्य है पुन: शिक्षण करना। यह आवश्यक नहीं कि यह शिक्षण इस दृष्टि से किया जाए कि पिछले शिक्षण द्वारा सही तरीके से नहीं सीखा गया है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से **सर्वाधिक उपयुक्त** विकल्प का चयन करें :
(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(2) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

**149.** छोटे-छोटे जोड़ों (मिनिमल पेयर) में ड्रिल करवाना किसमें सुधार लाने की प्रभावशाली युक्ति है?
(1) उच्चारण (2) बोध के साथ पठन (3) व्याकरण (4) शब्दसंपदा

**150.** बुनियादी चरण में बच्चे किसमें अधिक सुविधा महसूस करते हैं और बेहतर रूप से सीखते हैं?
(1) अपने घर की भाषा में (2) अंग्रेजी माध्यम में
(3) निर्देश के माध्यम में (4) कार्यालयी भाषा में

- o 0 o -

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

## READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue / Black Ball Point Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the OMR Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and OMR Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and OMR Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/OMR Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against the candidate including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their OMR Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the OMR Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and OMR Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator in the Hall / Room. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

## निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस ओएमआर उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक ओएमआर उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं ओएमआर उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं ओएमआर उत्तर पत्र के कोड या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/ओएमआर उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका कोड व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और परीक्षार्थी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना ओएमआर उत्तर पत्र दिए बिना एवं उपस्थिति-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने ओएमआर उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान उपस्थिति-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा पुस्तिका और ओएमआर उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व ओएमआर उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***